कार्यालय प्राचार्य, शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद,
जिला– बालोद (छ.ग.)

// सूचना //

दिनांक– 25/05/2023

इस महाविद्यालय एवं शास. नवीन कन्या महाविद्यालय बालोद के समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 05 जून 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के संदर्भ में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा दो समूहों में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

प्रथम समूह में महाविद्यालय के नियमित छात्र/छात्राएं एवं द्वितीय समूह में दुर्ग संभाग के आम नागरिक इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगे।

निबंध प्रतियोगिता का विषय " **छत्तीसगढ़ में पर्यावरणीय प्रबंधन**" **(ENVIRONMENTAL MANAGEMENT IN CHHATTISGARH)** रखा गया है।

निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागी को ए 4 साईज कोरे अथवा लाईनिंग कागज पर अधिकतम 1000 शब्द तथा न्यूनतम 600 शब्दों में हस्तलिखित निबंध लिखकर (हिन्दी/अंग्रेजी भाषा में) दिनांक 01 जून गुरूवार शाम 5:00 बजे तक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के ईमेल आईडी events@durguniversity.ac.in पर भेजना अनिवार्य होगा। प्रतिभागी को निबंध केवल सॉफ्ट कॉपी में ही भेजना है, विश्वविद्यालय में हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं है।

निबंध लेखन को प्रभावशाली बनाने हेतु प्रतिभागी निबंध के बीच–बीच में विषय से संबंधित छायाचित्रों का भी प्रयोग कर सकते हैं।

उक्त प्रतियोगिता के दोनों समूहों में 05–05 विजेताओं को विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जावेगा। प्रतियोगिता में प्रतिभागी हेतु कोई उम्र बंधन नहीं है।

इस संबंध में अन्य जानकारी हेतु प्रो. सी.डी.मानिकपुरी सहायक प्राध्यापक गणित मोबा.नं.– 9407908280 से संपर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य
शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त
स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद

Principal
Govt. Ghanshyam Singh Gupt
P.G. College, Balod (C.G.)

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका, दुर्ग

Email: registrar@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone 0788-2359100

क्र. 1307 /कुलसचिव कार्या./2023 दुर्ग, दिनांक : 25/05/2023

क्रमांक 78 दिनांक 26.05.23

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस 2023 के संदर्भ में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा छात्र–छात्राओं एवं आम नागरिकों हेतु निबंध प्रतियोगिता के आयोजन विषयक।

उपरोक्त विषयांतर्गत उल्लेख है कि 05 जून 2023 विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा निम्नलिखित विषय पर दो समूहों में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रथम समूह में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के नियमित छात्र–छात्राएं, शोधार्थी शामिल होंगे एवं द्वितीय समूह में दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले 07 जिलों– दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम, बेमेतरा, बालोद, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी के निवासी कोई भी आम नागरिक इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी नियमावली निम्नानुसार है–

1. निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं के चयन हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन विश्वविद्यालय की कुलपति द्वारा किया जायेगा। चयन समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। इस पर किसी भी प्रकार का कोई प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया जा सकेगा।
2. निबंध प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद के स्थिति में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की कुलपति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
3. निबंध प्रतियोगिता का विषय **"छत्तीसगढ़ में पर्यावरणीय प्रबंधन" (ENVIRONMENTAL MANAGEMENT IN CHHATTISGARH)** रखा गया है।
4. निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागी को ए4 साईज के कोरे अथवा लाईनिंग कागज पर अधिकतम एक हजार शब्द तथा न्युनतम छः सौ शब्दों का हस्तलिखित निबंध लिखकर (हिन्दी/अंग्रेजी) भाषा में दिनांक 01 जून गुरूवार शाम 5:00 बजे तक विश्वविद्यालय के ईमेल आईडी events@durguniversity.ac.in पर भेजना अनिवार्य होगा। प्रतिभागी को निबंध को केवल सॉफ्ट कॉपी में ही भेजना है विश्वविद्यालय में हार्डकॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं है।
5. निबंध लेखन को प्रभावशाली बनाने हेतु प्रतिभागी निबंध के बीच–बीच में विषय से संबंधित छाया चित्रों का भी प्रयोग कर सकते हैं।

प्रो० मानिकपुरी
26.05.2023

6. निबंध में किसी भी धर्म, साम्प्रदाय, जाति, वर्ण अथवा किसी व्यक्ति विशेष या किसी राजनीतिक दल आदि पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी करना पूर्ण रूप से वर्जित होगा। ऐसा पाये जाने पर संबंधित प्रतिभागी की प्रविष्टि निरस्त कर दी जायेगी।
7. दोनों समूहों में 05–05 विजेताओं को विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।
8. इस निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों हेतु उम्र का कोई बंधन नहीं है।

आपसे सादर अनुरोध है कि इस निबंध प्रतियोगिता के विषय में आपके महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

पृ.क्र. 1308/2023
दुर्ग, दिनांक : 25/05/2023

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलपति महोदया एवं कुलसचिव के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)।
2. कार्यालय फाईल।

-Sd-
कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग